मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन-462004.

क्रमांक एफ-2(8)/1999/1-10, भोपाल, दिनांक 9 अगस्त, 1999

प्रति,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
शासन के समस्त विभाग,
मध्यप्रदेश, भोपाल.

विषय :—राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में प्राप्त शिकायतों के संबंध में कार्यवाही किये जाने बाबत्.

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में प्राप्त होने वाली शिकायतों में अक्सर प्रशासन और सार्वजनिक उपक्रमों आदि में घटित गंभीर आर्थिक अपराध की सूचनाएं होती हैं.

2. ब्यूरो के कार्यकलाप से भ्रष्टाचार विरोधी एक विशिष्ट अनुसंधान जांच एजेंसी के रूप में इसकी छबि जन-साधारण में उभरी है. परिणामस्वरूप ब्यूरो को प्राप्त होने वाली शिकायतों में ऐसी अनेक शिकायतें होती हैं जिनमें किसी घटना विशेष की सूचना अवश्य होती है, परन्तु स्पष्ट जानकारी के अभाव में ब्यूरो द्वारा यह निर्धारण करना संभव नहीं हो पाता कि वास्तव में ब्यूरो द्वारा हस्तक्षेप करने योग्य कोई अपराध घटित हुआ है अथवा नहीं? अतः ऐसी शिकायतों को ब्यूरो द्वारा प्रायः संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाकर यह आग्रह किया जाता है कि विभागीय स्तर पर इसकी जांच करा ली जावे तथा जांच से ब्यूरो स्तर का कोई अपराध घटित होना पाये जाने की अवस्था में प्रकरण ब्यूरो को संदर्भित किया जावे.

3. ब्यूरो द्वारा इस विभाग को दी गई जानकारी के अनुसार उपरोक्तानुसार अग्रेषित की गई शिकायतों को विभागों द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जाता. ऐसा होने से भ्रष्टाचार की अनेक घटनायें सूचना होने के बावजूद भी उजागर नहीं हो पाती हैं.

4. अतः आदेशानुसार शासन के सभी विभागों से अनुरोध है कि ब्यूरो द्वारा अग्रेषित की गई शिकायतों की विभागीय स्तर पर आवश्यक रूप से जांच कराई जावे तथा ऐसी जांच से प्रथम दृष्टया ब्यूरो द्वारा हस्तक्षेप करने योग्य कोई अपराध घटित होना पाये जाने की दशा में गृह (पुलिस) विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ. 35-292/87/सी-1, दिनांक 18-8-1988 जिसकी प्रति इस विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 11(8)/99/1-10, दिनांक 5-3-1999 द्वारा आपको भेजी गई है, में निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए संपूर्ण प्रकरण ब्यूरो को संदर्भित किये जाएं.

हस्ता./-
(ए. व्ही. ग्वालियरकर)
उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.
दूरभाष क्रमांक 551364.

पृ. क्र. एफ-2(8)/1999/1-10, भोपाल, दिनांक 9 अगस्त, 1999

प्रतिलिपि :

1. महानिदेशक, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, म. प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ अग्रेषित.
2. स्टॉक फाईल.

हस्ता./-
(ए. व्ही. ग्वालियरकर)
उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.
दूरभाष क्रमांक 551364.